Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Baitha Shri Kailash

>

Title: Need to construct a bridge over river Gandak connecting Pakhnaha (Bihar) with Pipraghat (Uttar Pradesh), thereby promoting tourism in the region - Laid.

श्री कैलाश बैठा (बगहा) : महोदय, बिहार के लौरिया बौद्ध स्तूप, नन्दनगढ़, चाणक्यगढ़ आदि ऐतिहासिक स्थलों को बुद्धिस्ट सर्किट के द्वारा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से जोड़ा जाना चाहिए। बिहार के परवनाहा एवं यूपी के पिपरा घाट के बीच गंडक नदी पर सड़क पुल बन जाने से दोनों राज्यों के बीच की दूरी काफी कम होगी तथा बौद्ध पर्यटन स्थल की महत्ता के दृटिकोण से वैशाली से केसरिया, अरेराज, लौरिया होते हुए कुशीनगर की यात्रा काफी सुगम हो जाएगी। इस पुल के बन जाने से बिहार के धनहा विधान सभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां आज तक बिजली भी नहीं पहुंची है। अपने चम्पारण दौरे में माननीय ग्रामीण विकास मंत्री ने इस पुल को बनवाने का वादा किया था। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रधान मंत्री महोदय के पास भेजा है, लेकिन उस पर कोई संतोा जनक कार्रवाई न होना, खेद की बात है। इस पुल का निर्माण जनहित में नितान्त आवश्यक है।